राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

गांधी जी की 150वीं जयंती, राजभवन में समारोहपूर्वक मनाई

राज्यपाल ने किया राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति का अनावरण

राष्ट्रपिता गांधी जी और पूर्व प्रधानमंत्री शास्त्री जी को राज्यपाल ने दी श्रद्धाजंलि

राज्यपाल ने राजभवन में शुरू किया स्वच्छता और पौधारोपण अभियान

महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर राजभवन में रौंपे गये विभिन्न प्रजातियों के 150 पौधें

–

जयपुर, 02 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने बुधवार को यहां राजभवन में महात्मा गांधी जी की 150वीं जयंती पर राष्ट्रपिता की मूर्ति का अनावरण कर माल्यार्पण किया। राज्यपाल श्री मिश्र ने पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर भी माल्यार्पण कर श्रद्वाजंलि दी। राजभवन में महात्मा गांधी जी की 150 वीं जयंती राज्यपाल श्री मिश्र की पहल पर समारोह पूर्वक मनाई गई।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति की अनावरण – राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राजभवन परिसर में महात्मा गांधी की मूर्ति का अनावरण किया। गांधी जी की 150वीं जयंती पर राजभवन में स्थापित की गई मूर्ति पर राज्यपाल श्री मिश्र ने माल्यार्पण कर राष्ट्रपिता को श्रद्वाजंलि दी। श्री मिश्र ने इस मौके पर प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर भी माल्यार्पण कर श्रद्वाजंलि दी। राज्य की प्रथम महिला श्रीमती सत्यवती मिश्रा ने भी गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

राजभवन में 150 पौधे रौंपे गये – राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती पर राज्यपाल श्री कलराज मिश्र की पहल पर राजभवन में 150 पौधे लगाये गये। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राजस्थान का राज्य वृक्ष खेजड़ी का पौधा राजभवन परिसर में रौंप कर वृक्षारोपण अभियान की शुरूआत की। राज्य की प्रथम महिला श्रीमती सत्यवती मिश्रा ने भी खेजड़ी का पौधा लगाया। राज्यपाल के पुत्र श्री राजन मिश्रा ने पारस पीपल का पौधा लगाया। राज्यपाल के सचिव श्री सुबीर कुमार की अगुवाई में राजभवन के अधिकारियों व कर्मचारियों ने राजभवन परिसर में पौधे लगाये। राजभवन में आज लगाये गये पौधों में मुख्यतः सिल्वर ओक, हारसिंगार, कंरज, अशोक, पारस पीपल, नीम, शीशम, अमरूद आदि शामिल थे।

राजभवन में स्वच्छता कार्यक्रम – राज्यपाल श्री मिश्र ने राजभवन में गांधी जयंती समारोह की शुरूआत सफाई अभियान से की। राज्यपाल श्री मिश्र ने राजभवन परिसर में झाडू लगाया। सांसद श्री रामचरण बोहरा और राज्यपाल के सचिव श्री सुबीर कुमार सहित राजभवन के अधिकारियों ने राज्यपाल श्री मिश्र की पहल पर शुरू किये गए स्वच्छता कार्यक्रम में बढ़–चढ़कर भाग लिया।

राज्यपाल ने देखे सभी 150 पौधे– राज्यपाल श्री मिश्र ने राजभवन परिसर में लगाये गये सभी एक सौ पचास पौधों का निरिक्षण किया। राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि सभी पौधों की देखभाल की जरूरत है। जिस व्यक्ति ने जो पौधा लगाया है, उसकी जिम्मेदारी है कि वह उसकी सारसंभाल करें।

–––

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहा. निदेशक, (जनसम्पर्क)
राज्यपाल, राजस्थान